नईदुनिया

# भिंड में चार स्थानों पर पुलिस, खाद्य सुरक्षा टीम का छापा, तीन हजार लीटर नकली दूध नष्ट कराया

Updated: | Fri, 23 Jul 2021 09:26 PM (IST)



अटेर के पावई की डेयरी से नकली दूध बनाने का सामान, कई तरह का कैमिकल जब्त किया गया

भिंड(नप्र)। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को चार स्थानों पर छापेमारी की है। इनमें दो डेयरी, एक चिलर प्लांट और एक छैना बनाने का कारखाना है। एक डेयरी से तीन हजार लीटर नकली दूध मिला है, जिसे नष्ट कराया गया है। दूसरी डेयरी से करीब 40 किलो नकली घी और 40 लीटर रिफाइंड, 10 लीटर हाइड्रोजन परआक्साइड, 15 लीटर लिक्विड डिटर्जेंट मिला है। टीम ने चारों जगह से कुल सात सैंपल लिए हैं। इन्हें जांच के लिए भोपाल लैब भेजा जा रहा है। पावई डेयरी संचालक को धोखाधड़ी करने की एफआइआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

सबसे पहले पावई पहुंची टीम

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश शिरोमणि, अवनीश गुप्ता अपनी टीम के साथ पावई पहुंचे। यहां से थाना प्रभारी सुधाकर तोमर और पुलिस बल के साथ दिनेश डेयरी पर पहुंचे। मौके पर डेयरी संचालक दिनेश पुत्र रामस्नेही बघेल निवासी मनीराम का पुरा पाली मिले। टीम ने डेयरी में सर्चिंग की तो यहां मिलावटी दूध बनाने के लिए रखा 22 किलो स्किमिड मिल्क पाउडर, 40 लीटर रिफाइंड आयल, 10 लीटर की कैन हाइड्रोजन परऑक्साइड, 15 लीटर लिक्विड डिटर्जेंट, 40 किलो घी से भरी चलार टिन मौके पर मिली। टीम ने यहां से दूध पाउडर, घी, रिफाइंड आयल सहित चार सैंपल लिए हैं। मौके से डेयरी संचालक दिनेश बघेल को गिरफ्तार किया गया है।

सपरेटा दूध से तैयार हो रहा था असली दूध

भिंड के मानपुरा में सीएसपी आनंद राय, देहात थाना प्रभारी रामबाबू यादव बल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां अमन डेयरी के संचालक करू उर्फ उदयभन सिंह नरवरिया के यहां तीन हजार लीटर नकली दूध मिला। दूध की कई कैन मौके पर भरी मिली। एक आटो से भी दूध की कैन को सप्लाई के लिए भेजा जा रहा था। सीएसपी आनंद राय का कहना है कि इस डेयरी में सपरेटा दूध में पाउडर मिलाकर नकली दूध बनाया जाता है। बाद में इस दूध को सप्लाई कर दिया जाता है। पुलिस ने आटो जब्त कर मौके से जब्त किया गए तीन हजार लीटर दूध को नष्ट कराया है। नष्टीकरण की कार्रवाई से पहले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने दूध का सैंपल लिया है।

बिना दूध के तैयार हो रहे थे छैना रसगुल्ले

मानपुरा में कार्रवाई के बाद सीएसपी और देहात थाना प्रभारी अपने बल के साथ भारौली पहुंचे। यहां सुनील छैना भंडार के संचालक सुनील बघेल मिले। सीएसपी का कहना है कि मौके पर कहीं भी दूध नहीं मिला, लेकिन यहां छैना तैयार किए जा रहे थे। गंदगी के बीच छैना बनाए जा रहे थे। करीब 40 किलो छैना जब्त किए गए हैं। यहां भी दूध पाउडर और अरारोट के जरिए छैना बनाया जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने छैना का सैंपल लिया है। छैना नष्ट करा दिए गए हैं।

चिलर प्लांट में मिला छह हजार लीटर दूध

सीएसपी और देहात थाना प्रभारी यादव जगराम नगर स्थित चिलर प्लांट पहुंचे। यहां चिलर संचालक शिशुपाल सिंह भदौरिया की मौजूदगी में करीब छह हजार लीटर दूध रखा मिला है। सीएसपी आनंद राय का कहना है कि मौके से कुछ कैमिकल भी मिला है। कार्रवाई के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम को बुलाया गया। टीम ने दूध का सैंपल लिया है, लेकिन कैमिकल मिलने की बात से इनकार किया है।

रोजाना हजार लीटर दूध चिलर को सप्लाई

पावई थाना प्रभारी सुधाकर सिंह तोमर ने बताया कि पूछताछ में डेयरी संचालक दिनेश बघेल ने बताया है कि उसकी डेयरी पर रोजाना आठ सौ से एक हजार लीटर नकली दूध तैयार किया जाता है। इस दूध को मेहगांव के एक चिलर प्लांट को सप्लाई किया जाता है। दिनेश ने बताया कि वह ठिकाने बदल-बदल कर करीब पांच वर्ष से यह कारोबार कर रहा है। नकली दूध से तैयार घी को आसपास के शहरों में खपाने के लिए भेजा जाता है। पुलिस अब दिनेश से और पूछताछ कर रही है।

वर्जनः

मानपुरा से जब्त नकली दूध को नष्ट कराया है। जगराम नगर के चिलर से दूध मिला है। कुछ कैमिकल भी मिला है। नकली दूध और मिलावट का कारोबार करने वालों पर हमारी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

आनंद राय, सीएसपी, भिंड

Source: https://www.naidunia.com/lite/madhya-pradesh/bhind-bhind-news-6981742